नागरिक नामा

Iku dkMl

Iku dkM

;g D;k g\

यह आपके नाम पर दिया जाने वाला एक नंबर है जिसके द्वारा आय–कर विभाग आपकी आमदनी का लेखा–जोखा रखता है और टैक्स काटता है।

;g t :jh D;k g\

- पेन–कार्ड आपकी पहचान का एक दस्तावेज है।
- आय–कर जमा करने वालों के लिए पैन आवश्यक है।
- बैंक में एकाउंट खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज है।

यदि आपकी आमदनी रू 2 लाख से अधिक है तो कानूनन आपको इनकम टैक्स भरना होगा। बिना पैन के टैक्स भरना नामुमकिन है।

iSu dkM ikIr djus dk vkosnu dk rjhdk dgka vkosnu fd;k tk;s\

प्राइवेट एजेंटों के माध्यम से। निजामुद्दीन बस्ती में एस.बी.आई के सामने इनके ठिकाने हैं। एजेंट लोग निर्धारित फीस से करीब 300 रू अधिक लेते हैं।

आप अपने आप भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपको पैन कार्ड सेंटर, नेहरू प्लेस जाना होगा।

lsVj dk irk&
iSu dkM vkosnu dsUn& ctkt fcfYMx] 97 ugs: Iysl
VsyhQksu % 011&41693000

फार्म के साथ नीचे लिखे दस्तावेज लगाने होंगें।

- फीस रू 105
- पासपोर्ट साइज की 2 फोटो
- एक पहचान का सबूत
- एक पते का सबूत
- एक उम्र का सबूत

यदि आपके पास आधार कार्ड है तो आपको इसके साथ, दो फोटो, उम्र का सबूत और 105 रू फीस के लगाने होंगें।

vkuykbu dls vkonu dj\

1 आप बेब साइट https://tin.tin.nsdl.com/pan पर जाकर सीधे फार्म भर सकते हैं।

2 फार्म भर जाने पर आपको फीस भरनी होगी। नेट बैंकिंग या डेबिट कार्ड से भर सकते हैं। यदि यह सुविधा न हो तो रू 105 का चेक रिसिविंग रसीद और अन्य दस्तावेजों के साथ भेज सकते हैं

3 रिसिविंग का प्रिंट लेना होगा।

इस रसीद को ऊपर दिए गए दस्तावेजों के साथ पोस्ट द्वारा म्नि पते पर भेजना होगा।

पता : पैन सेवा की इकाई
आयकर विभाग
एन.एस.डी.एल (ई–गर्वनेन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमीटेड)
5वॉ माला मंत्री स्र्टलिंग, प्लाट नं 341
सर्वे नं. 997/8, माडल कालोनी

दीप बंगला चौक के पास पुणे (411016)

iu cudj vku e fdruk le; yxrk g\

djhc 20 fnu

आप अपने आवेदन की स्थिति इस बेबसाइट पर जाँच सकते हैं।

http://tin.tin.nsdl.com/pantan/statustrack

आपको रिसिविंग रसीद का नंबर देना पड़ेगा

– एस एम एस द्वारा भी स्थिति की जाँच की जा सकती है।

इस तरह एस एम एस भेजना होगा।
NSDLPAN(space){ack.no.}
Send on 57575

मुद्दे जो पैन कार्ड आवेदन करते समय उठ सकते हैं।
फार्म भरने में होने वाली गलतियाँ

- आई डी प्रूफ से मेल न खाने वाले नाम का फार्म में भरना

उदाहरण– Mohamed rafi लिखना जबकि आधार कार्ड में Muhamed rafi लिखा हुआ है। इस केस में आवेदन रद्द होगा और आपको दोबारा आवेदन करना होगा।

- बार–बार आपका आवेदन रद्द होता है और आपको समझ नहीं आता कि रद्द क्यों हो रहा है।

अपने पैन कार्ड सेंटर में जाकर पता करना होगा या टेलीफोन: 02027218080 पर कॉल करके जानकारी लें।

- आपको अन्य दस्तावेज जमा करने के लिए या दी गई सूचनाओं में सुधार के लिए कहा जा सकता है।

कॉल करके रद्द होने के कारण का पता करें।

;fn vkid iu dkM e xyrh gk rk D;k dj\

आपको डुप्लीकेट कार्ड जारी करवाने के लिए आवेदन करना होगा। इसकी कार्यवाही ठीक वही होगी जो कि नये कार्ड की हैं सिर्फ आपको फीस के 70रू जमा करने होंगे।

आवेदन फार्म पैन आवेदन सेंटर में उपलब्ध है या आप नेट से डाउनलोट भी कर सकते हैं।

आवेदन के साथ आपको अपना पैन कार्ड भी लगाना होगा।

;fn vkidk i|u dkM [kkrk g| ;k [kjkc gk tkrk g| rk D;k dj|\

आपको डुप्लीकेट पैन कार्ड के लिए आवेदन करना होगा। कार्यवाही वही होगी जो पिछले चरण में बताई गई है।

;fn vki viuk i|u u- Hk|y x, g| rk D;k dj|\

यदि आपका पैन कार्ड खो गया है तो आपको डुप्लीकेट पैन कार्ड जारी किया जाने के लिए आवेदन करना होगा और आपको पैन कार्ड नं. भरना होागा।

यदि आपको नं. याद न हो तो यह भरना नामुमकिन है। आपको सलाह दी जाती है कि पैन कार्ड के साथ आए पत्र को खोजें।

आप पैन कार्ड का नं. इस वेब साइट पर भी ढूँढ सकते हैं।

http://incometaxindiaefiling.gov.in/efiling/services/knowyourpan.

आपको अपना नाम और पैदाइश की तारीख वेब साइट पर डालनी होगी।